# *Extension activities in the neighbourhood community*

**Maharaja Ganga Singh University**
**A State University of Higher Education for Dignity and Self-Reliance**
**Approved by UGC under Section 12B of the UGC Act 1956**

NH 15, Jaisalmer Road, Bikaner-334004 (Raj.) India
*https://mgsubikaner.ac.in/*











# पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्मिक साइकिल यात्रा पर पहुंचा बीकानेर

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

बीकानेर. राजस्थान में वन एवं पर्यावरण के संरक्षण के लिए ग्रीन अश्वमेघ के नाम से 7 अक्टूबर को पाली से प्रारम्भ की गई साईकिल यात्रा सोमवार को बीकानेर पहुंची। यह यात्रा वन विभाग का कार्मिक अभिनव भारती द्वारा आरम्भ की गई। कार्मिक द्वारा सम्पूर्ण राजस्थान में साईकिल से यात्रा कर शैक्षणिक संस्थाओं में पर्यावरण संरक्षण के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने का कार्य किया जाएगा।

मीडिया प्रभारी डॉ. बिट्ठल बिस्सा ने बताया कि महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय में साईकिल यात्रा पहुंचने पर कुलपति प्रो. विनोद कुमार सिंह एवं पर्यावरण विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. अनिल कुमार छंगाणी द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में स्थित ऑक्सीजन जोन में पीपल के पौधे लगाए गए।

"Green Rajasthan Environmental protection campaign on cycle" welcomed and Joined by the MGS University, Bikaner through plantation on 7 October, 2021



अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस

# विवि में शोध एवं शैक्षणिक वातावरण तैयार करें: मानद कुलपति

**कुलपति पदक विजेता सुमन महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय की बनी एक दिन की कुलपति**



**न्यूज सर्विस/नवज्योति, बीकानेर।** परीक्षा 2018 में कुलपति पदक प्राप्त करने वाली विद्यार्थी श्रीमती सुमन स्वामी ने सोमवार को महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय बीकानेर में एक दिन का मानद कुलपति पद का पदभार ग्रहण किया।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विवि द्वारा किए गए इस नवाचार के तहत सोमवार को मानद कुलपति सुमन स्वामी के निर्धारित समय पर कुलपति सचिवालय पहुंचने पर कुलपति प्रो. विनोद कुमार सिंह, कुलसचिव संजय धवन, प्रो. सुरेश कुमार अग्रवाल, प्रो. राजाराम चोयल, परीक्षा नियंत्रक डॉ. जे.एस. खीचड़, उप कुलसचिव डॉ. बिट्ठल बिस्सा, सहायक कुलसचिव डॉ. गिरिराज हर्ष आदि ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। मानद कुलपति ने प्रेस से बातचीत के दौरान कहा कि ग्रामीण अंचल में निवास करने वाली छात्राओं को उच्च शिक्षा से जोड़ने का कार्य किया जाएगा ताकि बालिका उच्च शिक्षा से वंचित नही रहे। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा ऐसा शोध कार्य करना चाहिए जो समाज के लिए उपयोगी साबित हो। मानद कुलपति ने विभागों का निरीक्षण कर संचालित कक्षाओं का निरीक्षण किया तथा अध्ययनरत विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए उनके अनुभवों को विद्यार्थियों के साथ साझा किये। विश्वविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों ने श्री श्रवण जाखड़ एवं राजेश बुद्धानिया के नेतृत्व में मानद कुलपति को ज्ञापन प्रस्तुत कर विद्यार्थियों की समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने अपराह्न समय में लेखा, शोध, संस्थापन, शैक्षणिक एवं परीक्षा अनुभागों की कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त की।

# विवि में शोध एवं शैक्षणिक वातावरण तैयार करे : सुमन

बीकानेर, 8 मार्च (निसं)। महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर परीक्षा 2018 में कुलपति पदक प्राप्त करने वाली विद्यार्थी श्रीमती सुमन स्वामी ने मानद कुलपति का पद ग्रहण किया। निर्धारित समय पर कुलपति सचिवालय पर पहुंचने पर कुलपति प्रो. विनोद कुमार सिंह, कुलसचिव श्री संजय धवन, प्रो. सुरेश कुमार अग्रवाल, प्रो. राजाराम चोयल, परीक्षा नियंत्रक डा. जेएस खीचड़, उप कुलसचिव डा. बिट्ठल बिस्सा, सहायक कुलसचिव डा. गिरिराज हर्ष सहित विश्वविद्यालय शिक्षकों, अधिकारियों एवं विद्यार्थियों ने उनका पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

मानद कुलपति ने बताया कि ग्रामीण अंचल में निवास करने वाली छात्राओं को उच्च शिक्षा से जोड़ने का कार्य किया जाए ताकि बालिका उच्च शिक्षा से वंचित नही रहे। विवि का मुख्य कार्य शोध को बढ़ावा देना होता है, विवि द्वारा ऐसा शोध कार्य करना चाहिए जो समाज के लिए उपयोगी साबित हो। उनके अनुसार विद्यार्थियों को आत्म निर्भर बनाने के लिए युवाओं के लिए रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों का संचालन किया जाए। विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कार्मिकों को प्रमुख घटक मानते हुए उनकी



समस्याओं को प्राथमिकता से निराकरण करना चाहिए। मानद कुलपति श्रीमती सुमन स्वामी ने बताया कि विद्यार्थियों के शैक्षणिक व शोध उन्नयन के साथ-साथ आधुनिक सुविधायुक्त लैब, पुस्तकालय, स्मार्ट क्लासरूपम आदि सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए।

उन्होने विभागों का निरीक्षण कर संचालित कक्षाओं का निरीक्षण किया तथा अध्ययनरत विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए उनके अनुभवों को विद्यार्थियों के साथ साझा किये। वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ट्रायल के चयनित जूडो खिलाड़ी श्वेता कंवर ने सहायक निदेशक, शारीरिक शिक्षा डा. यशवंत गहलोत के साथ खिलाडियों को प्रदान की जा रही सुविधाओं से अवगत कराया।

श्रवण जाखड एवं राजेश बुद्धानिया के नेतृत्व में मानद कुलपति को विद्यार्थियों की समस्याओं से अवगत कराया। उन्होने विद्यार्थियों की समस्याओं का उचित समाधान करने के लिए कुलसचिव को पत्र के माध्यम से निर्देशित किया।

कुलसचिव संजय धवन ने विवि शिक्षकों एवं अधिकारियों के साथ चर्चा करवाकर उनके द्वारा सम्पादित किये जा रहे कार्यो के सम्बन्ध में अवगत कराया। अपराह्न समय में लेखा, शोध, संस्थापन, शैक्षणिक एवं परीक्षा अनुभागों की कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त की।

Initiative of Maharaja Ganga Singh University, Bikaner on "World Women's Day" 2021: "Suman Swamy" recipient of Vice Chancellor's medal, became the Honorary Vice Chancellor of MGSU for one day.










Department of Environmental Science initiated survey of water bodies of Bikaner district in collaboration with National institute of hydrology Roorkee comment of India 2021

# Social Responsibility

## Activities at adopted village (Kotdi)










# Social Welfare Activities at Adopted Village (Naalbadi)











Productive extension activities at the University Adopted Villages